Regarding Minimum Support Price (MSP) to paddy farmers

श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल **(फतेहपुर) :** सभापति महोदया, जब हम छोटे थे, तब घाघ की कहावतें प्रचलित थीं, जैसे उत्तम खेती, मध्यम बान, निषिद्ध चाकरी, भीख निदान । उत्तर प्रदेश में आज धान का किसान सबसे ज्यादा परेशान है । इस बार अच्छी वर्षा की वजह से उत्तर प्रदेश में धान बड़ी तादाद में हुआ है । सरकार ने 2,369 रुपए एमएसपी घोषित किया है और बाजार में वह लगभग 1,600, 1,700 या 1,800 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा है । किसान खाद के लिए लाठी खाता रहा । उत्तर प्रदेश के अंदर खाद को लेकर इतनी परेशानी हुई कि उन्हें बेइज़्ज़त होना पड़ा । वे भरे पानी में धान लगाते हैं । हमारी बेटियां और हमारी बहनें कितनी मेहनत से धान पैदा करती हैं, लेकिन सरकार उनको न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price) नहीं दे पा रही है । इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है?

सभापति महोदया, मेरी आपके माध्यम से मांग है कि भारत सरकार उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price) दिलाए, अन्यथा वह जाए । (व्यवधान)